Dear Friends,

At the outset, I wish a very happy and prosperous Diwali to you and your family. This Diwali is special one for all of us at IFFCO. On 3 rd November 2016 not only would we enter the 50th year of our inception but would also begin a year long journey of connecting with the soul of country : the farmers of India. This unique journey would take us to 111 locations and it would be my earnest endeavor to be personally present in the 111 meetings.

Being a farmer's institution it's our duty to share the fruits of our success with the society at large. Inclusive development is part of our organizational DNA. It forms the foundation of a cooperative like ours. That is the primary reason why IFFCO has continued its growth.

With humble beginnings we have traversed a long journey that was riddled with unforeseen challenges. We stood our ground in the face of storms that were determined to uproot us. I attribute all this to the determination of our adroit and hardworking workforce and to the faith of nearly 36,000 cooperative societies.Friends, Change is law of nature. To match the pace of this fast changing world we will have to change our working style. The time has come for each member of the IFFCO family to become an agent of change so that the small changes that we make at home add up to big changes at the national level. One such endeavor can be of planting trees. Since last year we have planted almost 10 lakh saplings of the Neem tree across India and plan to plant even more in the years to come. I urge all our employees and partners to help us making the world green.

Another pressing issue that I would like to highlight is of minimizing the wastage of food. Being a son of a farmer in an institution that helps the farmers grow food I am well versed with the toils and efforts that go in to producing even a fistful amount of food. I also take this opportunity to urge all of you to avoid wasting food and make sure that all that you cook goes into feeding a person which can be your family member or even a needy on the pavement.

With this I again wish you all a very Happy Diwali. May god bless you and your family with good health and prosperity.

Shubh Deepawali

Dr. U. S. Awasthi
Managing Director
28th October, 2016
New Delhi

मित्रों, दीपावली के शुभ अवसर पर मैं आपको व आपके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूं। इस वर्ष की दीपावली हम सबके लिए खास है। हमारी संस्था 3 नवंबर, 2016 को अपनी स्थापना के 50वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इस अवसर को हम स्वर्ण जयंती उत्सव के रूप में मना रहे हैं जिसका शुभारंभ 3 नवंबर, 2016 को हमारे मातृ संयंत्र कलोल से होगा। वर्ष भर चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत देश के विभिन्न हिस्सों में 111 स्थानों पर सहकार–किसान सम्मेलन का भी आयोजन किया जा रहा है। निश्चय ही इसमें हिस्सा लेकर मुझे अपने सहकारी किसान भाई बहनों से मिलने तथा उनके साथ अपने अनुभवों और विचारों को साझा करने का सुअवसर मिलेगा।

आज की कठिन स्पर्धा के दौर में 50 साल तक टिके रहना बड़ी से बड़ी व्यावसायिक संस्था के लिए भी एक कठिन चुनौती है। ऐसे में महज 57 सदस्य सहकारी समितियों के साथ बहुत छोटे से स्तर पर कारोबार शुरू करके तमाम चुनौतियों का मुकाबला करते हुए इफको आज जिस मुकाम पर पहुंचा है,वह अपने आप में एक मिसाल है।

सहकारिता का धर्म निभाते हुए इफको ने मुनाफे की बजाय सदैव समावेशी विकास का रास्ता चुना। यही कारण है कि उर्वरक उद्योग की मौजूदा खस्ताहाल सूरत और निजी क्षेत्र में चल रहे ऊहापोह के बावजूद आज इफको दुनिया के नक्शे पर प्रगति का परचम लहरा रही है। निस्संदेह इफको की इस कामयाबी में इफको के कर्मठ कर्मचारियों और 36,000 सदस्य सहकारी समितियों की अहम भूमिका है।

मित्रों, परिवर्तन प्रकृति का नियम है। निरंतर और तेजी से बदल रहे इस दौर में प्रासंगिक बने रहने के लिए आवश्यक है कि हम भी समय के अनुसार अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन लाएँ। मैं चाहता हूँ कि हम में से हर कोई परिवर्तन की पहल करे। हमारी छोटी से छोटी पहल भी राष्ट्रीय स्तर पर बड़े परिवर्तन को अंजाम दे सकती है। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में ऐसी ही पहल करते हुए इफको ने पिछले एक वर्ष के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में लगभग 10 लाख नीम के पौधे लगाए हैं। मैं अपने सभी कर्मचारियों एवं सहयोगियों से अपील करता हूँ कि आप अपने आस–पास भी पौधे लगाकर इस धरा को हरा–भरा करने में योगदान करें।

दोस्तो, आज विश्व में बड़ी मात्रा में अन्न और खाद्य पदार्थों की बर्बादी हो रही है। यह मेहनतकश किसानों का अपमान है। अन्न की इस बर्बादी को रोककर हम एक बड़ी आबादी को भुखमरी के चंगुल से बाहर निकाल सकते हैं। मेरा विश्वास है कि इफको का योगदान इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

पुनः आप सबको दीपावली की ढेर सारी शुभकामनाएँ

शुभ दीपावली

डॉ० उदय शंकर अवस्थी
प्रबंध निदेशक
28 अक्तूबर, 2016
नई दिल्ली

IFFCO
पूर्णतः सहकारी स्वामित्व

इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड
www.iffco.in , www.iffco.coop